डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विवि में विश्व डिस्लेक्सिया दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद छात्राएं व अन्य। अमृत विचार

विश्व डिस्लेक्सिया दिवस पर हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के बौद्धिक अक्षमता विभाग के विशेष शिक्षा संकाय ने एवन चेंजइंक फाउंडेशन के सहयोग से डिस्लेक्सिया जागरुकता दिवस मनाया।

कार्यक्रम में नोएडा से आए विशेषज्ञ डॉ. अंजू अरोड़ा ने डिस्लेक्सिया पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। चेंजइंक फाउंडेशन के अमरेश चंद्रा ने विद्यार्थियों को विशेष अधिगम अक्षमता के रूप में डिस्लेक्सिया की पहचान, रोकथाम पर जानकारी दी। कार्यक्रम में अधिष्ठाता शैक्षिक प्रोफेसर वीके सिंह, निर्देशक शोध प्रकोष्ठ प्रोफेसर एके दूबे, अधिष्ठाता विशेष शिक्षा डॉ. कौशल शर्मा और विभागाध्यक्ष दृष्टि बाधितार्थ विभाग डॉ. विजय शंकर शर्मा शामिल थे। समन्वयक डॉ. जे कल्याणी ने डिस्लेक्सिया दिवस के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में डॉ. महेश कुमार, विभा तिवारी, नीलम सिंह, विकास चंद्र कुशवाहा, कौशलेंद्र कुमार, दानवीर गौतम, नेहा सिंह यादव, चयनिका द्विवेदी और विशेष शिक्षा संकाय से शिक्षक उपस्थित रहे।

पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

पोस्टर प्रतियोगिता के विजेताओं को भी इस कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। प्रथम तनु यादव, द्वितीय कु. स्वेता, तृतीय ज्योती चौरसिया स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए।

सार-संक्षेप

बैंक खाते खुलवाने

एक नजर

पुनर्वास फेस्ट-2024 की हुई शुरुआत

अमृत विचार, लखनऊ : डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग व पुनर्वास केन्द्र में 15 दिनों तक चलने वाले पुनर्वास फेस्ट– 2024 का उद्घाटन अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. वीके सिंह के द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रोस्थेटिक्स व आर्थोटिक्स विभाग द्वारा डांडिया स्टिक मेकिंग प्रतियोगिता के साथ ही विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। उक्त कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रणजीत कुमार कार्यशाला प्रबंधक कृत्रिम अंग व पुनर्वास केंद्र के संयोजन तथा सृष्टि सिंह, डिमॉन्सट्रेटर के समन्वयन में किया गया।

शकुंतला मिश्रा विवि में पुनर्वास फेस्ट 2024 का शुभारम्भ

लखनऊ (एसएनबी)। डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र में पुनर्वास फेस्ट 2024 का शुभारम्भ मंगलवार को विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रो. वीके सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर, सांस्कृतिक आयोजन में दिखायी देती है। उन्होंने कहा कि इस पुनर्वास फेस्ट में भारत के विभिन्न प्रदेशो एवं अंचलों की छवियों स्पष्ट दिखायी दे रही है।इस अवसर पर विवि के प्रोस्थेटिक्स एवं आर्थोटिक्स विभाग ने डांडिया स्टिक मेकिंग प्रतियोगिता के साथ ही विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिसमें कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र के विद्यार्थियों द्वारा बंगाल का शक्ति पूजा नृत्य, गुजरात का गरबा एवं डांडिया नृत्य, ओडिशा का ओडिशी नृत्य एवं उत्तर प्रदेश का कथक नृत्य की प्रस्तुतियां प्रमुख रही। कार्यक्रम का आयोजन डा. रणजीत कुमार तथा सृष्टि सिंह के समन्वयन में किया गया।

और व्यक्तित्व विकास की भूमिका, पर्यावरण

बंगाल, गुजरात, ओडिशा का नृत्य प्रस्तुत हुआ

लखनऊ। पुनर्वास विश्वविद्यालय के कृत्रिम अंग एवं पुनर्वास केन्द्र में 15 दिवसीय पुनर्वास फेस्ट 2024 की शुरुआत हुई। अधिष्ठाता प्रो. वीके ने बताया कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर, सांस्कृतिक आयोजनों में दिखाई देती है। यहां विद्यार्थियों ने बंगाल का शक्ति पूजा नृत्य, गुजरात का गरबा और डांडिया नृत्य, ओडिशा का ओडिशी नृत्य व यूपी का कथक नृत्य प्रस्तुत किया।

पहचान और सही उपायों से रुकेगा डिस्लेक्सिया

लखनऊ। डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के विशेष शिक्षा संकाय के बौद्धिक अक्षमता विभाग और चेंजइंक फाउंडेशन की ओर से विश्व डिस्लेक्सिया जागरुकता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। चेंजइंक फाउंडेशन के राज्य प्रतिनिधि अमरेश चंद्रा ने बताया कि शुरुआती पहचान और सही उपाय से होगी डिस्लेक्सिया की रोकथाम।